# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय
## नर्मदापुरम रोड, भोपाल (म.प्र.)- 462026

क्रमांक...46.../अकादमी/पात्रता/2025 भोपाल दिनांक 26/5/2025

::अधिसूचना::

समस्त विद्यार्थियो एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रचार्यगणो को सूचित किया जाता है कि म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक I/261370/2025/सी.सी./2025/38 भोपाल दिनांक 14.05.2025 के अनुसार जारी स्नातक/ स्नातकोत्तर/ एन.सी.टी.ई. के समस्त पाठ्यक्रम में प्रवेश समय-सीमा के अनुसार पात्रता प्रमाण-पत्र हेतु निम्नानुसार आवेदन तिथि एवं शुल्क देय होगा।

| स.क्र. | पात्रता आवेदन तिथियो का विवरण | सामान्य शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | शासन द्वारा निर्धारित प्रवेश की अंतिम तिथि तक | 300/- |

विशेष सूचनाः-

1. मध्यप्रदेश, राज्य के **मूल** निवासी आवेदक जिन्होने मध्यप्रदेश राज्य से सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई/एम.पी. बोर्ड तथा म.प्र. राज्य ओपन बोर्ड/पोर्टल पर प्रदर्शित मान्य बोर्ड से 12वी परीक्षा उत्तीर्ण की हो, ऐसे विद्यार्थियों के लिए पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल सहित मध्यप्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थयों को भी पात्रता प्रमाण पत्र से छूट रहेगी।
2. अन्य राज्य से 12वीं उत्तीर्ण (10+2) तथा स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नियमानुसार विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
3. विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.bubhopal.ac.in के माध्यम से पात्रता प्रमाण पत्र का आवेदन भरते समय 10वी, 12वी एवं स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र तथा खेल प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

नोट :- पात्रता निर्धारण के संबंध में वि.वि. का निर्णय अंतिम मान्य होगा।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
भोपाल दिनांक 26/5/25

पृ. क्रमांक...47.../अकादमी/पात्रता/2025

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, बी विंग, भोपाल।
2. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. निज सहायक के माध्यम से मा. कुलगुरू/कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. प्रभारी आई.टी. सेल की ओर सूचनार्थ एवं पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
5. निज नस्ती

सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल